Babasaheb Bhimrao Ambedkar
Bihar University
Muzaffarpur (Bihar)-842001

{Website:-www.brabu.net} {Phone+Fax No.:-0621-2243071}

Ref. No. C/1718 Dated 10/10/2023

कार्यालय आदेश

सेवा में,

सभी विभागाध्यक्ष महोदय/महोदया,
बी० आर० ए० बिहार विश्वविद्यालय,
मुजफ्फरपुर

विषय :- पीएच० डी० पात्रता परीक्षा (PAT) 2021 में सफल अभ्यर्थियों के प्री-पीएच० डी० कोर्स वर्क में नामांकन हेतु अंतर्वीक्षा आयोजन करने के संबंध में।

महोदय /महोदया,

संदर्भित विषय के संबंध में आपको सूचित करने हेतु निदेशित किया गया है कि कुलपति महोदय ने पीएच.डी. पात्रता परीक्षा 2021 की अंतर्वीक्षा आयोजित करने का आदेश निर्गत किया है।

यह अंतर्वीक्षा आपके विभाग में दिनांक 12.10.2023 से 18.10.2023 के बीच आयोजित की जाएगी। अंतर्वीक्षा हेतु चयन समिति के सदस्य होंगे -

1. संबंधित संकाय के संकायाध्यक्ष
2. संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष
3. संबंधित विषय के प्रोफेसर संवर्ग के दो वरीय प्राध्यापक (आंतरिक विषय विशेषज्ञ) (प्रोफेसर संवर्ग के प्राध्यापक नहीं रहने पर एसोसियट प्रोफेसर संवर्ग के प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष द्वारा नामित)
4. विश्वविद्यालय के बाहर से प्रोफेसर संवर्ग के एक विषय विशेषज्ञ (विशेष परिस्थिति में विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर संवर्ग के शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रूप में शामिल किया जा सकता है) आपसे अनुरोध है कि अभ्यर्थियों की अंतर्वीक्षा से पूर्व इस पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में उल्लेखित प्रमाण-पत्रों का सत्यापन सुनिश्चित कर लें।

Ref. No. C/1718 Dated 10/10/2023

i. प्री-पीएच० डी० कोर्स वर्क के लिए अभ्यर्थियों के चयन के दौरान 05.07.2016 को भारत सरकार के गजट में प्रकाशित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देश जिसे राजभवन सचिवालय, बिहार सरकार के दिनांक 21.09.2017 को मेमो संख्या BUS-05/2010-2684/GS(1) के माध्यम से अधिसूचित कर रखा है, का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। सभी विभागों के लिए पीएच० डी० हेतु जारी उपर्युक्त अध्यादेश तथा विनियम -2016 से वर्णित चयन-प्रक्रिया, आरक्षण तथा छूट (Exemption) के प्रावधानों का पालन करना बाध्यकारी होंगे।

ii. नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मेधा सूची सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।

10/10/23

नोडल पदाधिकारी

Babasaheb Bhimrao Ambedkar
Bihar University
Muzaffarpur (Bihar)-842001

{Website:-www.brabu.net} {Phone+Fax No.:-0621-2243071}

Ref. No.............. **Dated ....**

अभ्यर्थी निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति तथा उसकी फोटो कॉपी अंतर्वीक्षा के समक्ष अपने साथ अवश्य लाएँ-

1. एम. ए. मूल अंक पत्र, मूल प्रमाण-पत्र /अस्थायी प्रमाण-पत्र
2. आरक्षण संवर्ग से संबंधित प्रमाण-पत्र
3. पहचान प्रमाण-पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि।
4. पीएच. डी. पात्रता परीक्षा आवेदन पत्र एवं पीएच.डी. पात्रता परीक्षा प्रवेश-पत्र
5. नेट/ जे. आर.एफ./ अन्य छूट प्राप्त प्रमाण-पत्र

अथवा

6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित वेतनमान पर नियमित नियुक्त प्राध्यापक जिन्होंने दो साल की सेवावधि पूरी कर ली है।

अथवा

7. बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय के वैसे शिक्षकेत्तर कर्मचारी जिनकी

(क) स्वीकृत पद पर नियमित नियुक्त हो

(ख) लगातार पाँच वर्ष तक कार्य करने का अनुभव

(ग) मान्यता प्राप्त शोध जर्नल में दो शोध-पत्र प्रकाशित

5/10/23

नोडल पदाधिकारी